आदिवासी विकास मंच, सोनभद्र

कार्यालय– बिल्ली प्राथमिक विद्यालय के सामने, अग्रवाल नगर, ओबरा, सोनभद्र

हरदेव नारायण तिवारी
संयोजक
मो0नं0 9838388151

पत्रांक : 6/आ0वि0मं0सो0 दिनांक : 07.11.2023

ज्ञापन

सेवा में,

श्रीमान् मण्डल रेल प्रबन्धक
पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद, झारखण्ड।

द्वारा,

श्रीमान् मण्डल यातायात प्रबन्धक
पूर्व मध्य रेलवे, चोपन सोनभद्र, उ0प्र0।

विषय–जनपद सोनभद्र उ0प्र0 का अतिपिछड़ा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की जनता की परेशानी को दूर करने हेतु फफराकुण्ड रेलवे स्टेशन के पास कड़िया में रेलवे क्रासिंग, जोगीडीह रेलवे स्टेशन पर रेलवे क्रासिंग, खुलदिल रेलवे स्टेशन पर वाराणसी शक्तिनगर इण्टरसिटी, त्रिवेणी एक्सप्रेस का स्टापेज दिया जाना तथा कोरोनाकाल 2020 से बन्द पैसेंजर ट्रेन चुनार चोपन गोमो पैसेंजर, चोपन कटनी पैसेंजर चालू किये जाने हेतु समस्या का समाधान न होने से आदिवासियों में भारी आक्रोश तथा बड़े आन्दोलन की तैयारी।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में आदिवासी विकास मंच सोनभद्र के पत्र संख्या 2/आ0वि0मं0सो0 दिनांक 18/10/2023 का अवलोकन करने की कृपा करें जिसमें निम्नलिखित समस्याओं के सम्बन्ध में आपको पत्र प्रेषित किया गया था जिसकी प्रति माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय रेलमंत्री जी, भारत सरकार को भी प्रेषित किया गया है।

प्रमुख मांगे–

1. फफराकुण्ड रेलवे स्टेशन सोनभद्र के पास कड़िया में रेलवे क्रासिंग बनाया जाये। इस रेलवे क्रासिंग से सैकड़ों पढ़ने वाले बच्चे एवं सैकड़ों गाँव के आदिवासी कड़िया रेलवे लाइन क्रास करके आते जाते हैं। दुर्घटना की सम्भावनाएँ बराबर बनी रहती है।

(क्रमशः 2)

2. जोगीडीह रेलवे स्टेशन पर रेलवे क्रासिंग बनाया जाये। इस स्टेशन के पश्चिमी क्षेत्र में निवास करने वाले आदिवासी जनता एवं बच्चे जोगीडीह स्टेशन की रेलवे लाइनें क्रास करके आते–जाते हैं। दुर्घटना की सम्भावनाएँ प्रतिदिन बनी रहती हैं। वहीं दूसरी तरफ रेलवे क्रासिंग न होने से वाहन व एम्बुलेंस आदि उस क्षेत्र में नहीं जा पाती है जिसके कारण उस आदिवासी क्षेत्र का विकास आजादी के बाद से लेकर अब तक बाधित है।

3. खुलदिल रेलवे स्टेशन सोनभद्र की आदिवासी जनता की सुविधा हेतु वाराणसी शक्तिनगर इण्टरसिटी एक्सप्रेस एवं त्रिवेणी एक्सप्रेस का हर हाल में स्टापेज दिया जाये।

4. पैसेंजर ट्रेन नं0 53351/52 चुनार चोपन गोमो एवं ट्रेन नं0 51680/81 चोपन कटनी पैसेंजर जो कोरोनाकाल 2020 से बन्द है, इसे तत्काल चालू किया जाये। इस ट्रेन से इस क्षेत्र के आदिवासी मजदूर किसान कोर्ट, कचहरी, अस्पताल, न्यायालय, जिला मुख्यालय, मजदूरी करने हेतु बाहर आने जाने हेतु काफी सुविधा रही है।

अत्यन्त खेद का विषय है कि रेलवे प्रशासन एवं माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय रेल मंत्री जी द्वारा इस सम्बन्ध में कोई कार्यवाही आज तक नहीं की गई। यहाँ तक कि उपरोक्त के सम्बन्ध में क्षेत्रीय सांसद माननीय पकौड़ी लाल कोल जी द्वारा अपने पत्र सं0 2633/MPLS/2022 दिनांक 16/08/2023 द्वारा माननीय रेलमंत्री भारत सरकार एवं मण्डल रेल प्रबन्धक पूर्व मध्य रेलवे धनबाद को भेजा गया है। क्षेत्रीय विधायक ओबरा एवं समाज कल्याण राज्यमंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा माननीय रेल मंत्री भारत सरकार नई दिल्ली को दिनांक 27/10/2023 को उपरोक्त समस्या के समाधान हेतु पत्र भेजा गया है लेकिन रेलवे प्रशासन, रेल मंत्रालय एवं माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार की ओर से आजतक कोई कार्यवाही नहीं की गई है जिसके कारण सोनभद्र के आदिवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

उपरोक्त मांगों के समर्थन में आदिवासियों द्वारा दिनांक 07 नवम्बर 2023 को 101 आदिवासी भाई–बहन अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल पर बैठने का निर्णय लिया था। जिला प्रशासन सोनभद्र की अनुमति उपरोक्त कार्यक्रम हेतु न मिल पाने के कारण जिला प्रशासन का सम्मान करते हुए कार्यक्रम को स्थगित करते हुए प्रदर्शन के माध्यम से पुनः आपको ज्ञापन देते हुए यह अनुरोध करना है कि यदि उपरोक्त चारों समस्या का समाधान 06 दिसम्बर 2023 तक नहीं किया गया तो 07 दिसम्बर 2023 को आदिवासी विकास मंच सोनभद्र बड़ा आन्दोलन का ऐलान करने के लिए बाध्य होगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी रेल प्रशासन एवं भारत सरकार की होगी।

(क्रमशः 3)

अतः आपसे अनुरोध है कि आदिवासियों के उपरोक्त चारों मांग पर गम्भीरता पूर्वक विचार करते हुए आदेश निर्गत कर आदिवासी विकास मंच को अवगत कराने की कृपा करें।

सादर।

भवदीय–

हरदेव नारायण तिवारी
(संयोजक)
आदिवासी विकास मंच सोनभद्र
मो0–9838388191

प्रतिलिपि निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. माननीय प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार नई दिल्ली।
2. माननीय रेलमंत्री जी, भारत सरकार नई दिल्ली।
3. माननीय मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 सरकार, लखनऊ।
4. माननीय संसद सदस्य श्री पकौड़ी लाल कोल जी, संसदीय क्षेत्र, रावर्ट्सगंज सोनभद्र की सेवा में इस आशय के साथ प्रेषित है कि उपरोक्त समस्या का समाधान कराने का कष्ट करें।
5. माननीय क्षेत्रीय विधायक, विधानसभा क्षेत्र ओबरा एवं समाज कल्याण राज्य मंत्री उ0प्र0 सरकार लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित है कि समस्या का निदान कराने का कष्ट करें।
6. श्रीमान् महाप्रबन्धक पू0म0 रेलवे हाजीपुर बिहार।
7. श्रीमान् जिलाधिकारी जनपद सोनभद्र।
8. श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र।
9. श्रीमान् उपजिलाधिकारी, ओबरा सोनभद्र।
10. श्रीमान् क्षेत्राधिकारी, ओबरा सोनभद्र।
11. श्रीमान् प्रभारी निरीक्षक, थाना चोपन सोनभद्र।

हरदेव नारायण तिवारी
(संयोजक)
आदिवासी विकास मंच सोनभद्र
मो0–9838388191